तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025

11 इंडोर स्टेडियम में मूलभूत सुविधाओं की दरकार

12 मानसून कप में राज्य की 32 टीम दिखा रही प्रतिभा




## खबर संक्षेप

### कचरा रिक्शा की खरीदी ओपन टेंडर के माध्यम से हुई : आयुक्त

**धमतरी।** निगम कमिश्नर प्रिया गोयल ने बताया कि कचरा रिक्शा



की खरीदी स्टेट लेवल पर ओपन टेंडर के माध्यम से हुई है। जैम पोर्टल में ऑल इंडिया लेवल पर 10 लोगों ने भाग लिया था। खरीदी गई रिक्शा की जांच पीडब्ल्यूडी विभाग की इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल ब्रांच से कराई गई है जिसकी गुणवत्ता सही पाई गई। विदित हो कि 5 जुलाई के अंक में समाचार पत्र में खरीदी के समय कांग्रेस का शासनकाल प्रकाशित हो गया उसे विलोपित कर स्टेट लेवल की खरीदी माना जाए। आयुक्त प्रिया गोयल ने अपने बयान में कांग्रेस शासनकाल का जिक्र नहीं किया था। भूलवश वह प्रकाशित हुआ। आयुक्त ने किसी राजनीतिक दल के संबंध में कोई बयान नहीं दिया है।

### टेंगना स्कूल में छात्रों ने फलदार पौधे लगाए

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टेंगना में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ ने फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए।

### राजा ढाबा के सीसीटीवी कैमरे में शिकार का वीडियो कैद

# सिहावा रोड में तेंदुआ ने किया कुत्ते का शिकार, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से 10 किमी दूर सिहावा रोड में तेंदुआ ने एक कुत्ता का शिकार किया है। तेंदुआ द्वारा शिकार करने की वीडियो फुटेज सामने आई है। इससे आसपास के गांवों में दहशत बनी हुई है। बताया जा रहा है कि तेंदुआ का शिकार करने वाली जगह से करीब 1 किमी पर सिंगल हाथी का विचरण हो रहा है।

जिले का जंगल खतरनाक जंगली जानवरों से आबाद होने लगा है। कुछ साल पहले सामान्य वनमंडल धमतरी में भालू, सुअर, तेंदुए के हमले की खबर सुर्खियां बनती थी। अब हाथी और बाघ जैसे जंगली जानवर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। शनिवार की शाम 5 बजे शहर से 8 किमी दूर मथुराडीह और सियादेही के बीच स्थित राजा ढाबा के पास एक कुत्ता का शिकार करते हुए तेंदुए की वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

राजा ढाबा के संचालक राजा रणसिंह ने बताया कि शनिवार शाम को उनके ढाबा के पास शाम 5 बजे तेंदुआ ने एक कुत्ता का शिकार कर लिया जिसकी वीडियो फुटेज ढाबा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। उन्होंने बताया कि इसके बाद शाम 7 बजे फिर दो तेंदुआ को रोड में देखा गया। इस दौरान सिहावा रोड का ट्रैफिक कुछ देर के लिए थम गया था।


जंगल में मिले तेंदुए के पदचिन्ह के निशान

डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि कुत्ता का शिकार करने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पर तेंदुआ का पदचिन्ह स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ का प्रिय भोजन कुत्ता है। ढाबा के पास कुत्तों का झुंड रहता है। इसी करण ढाबा के पास अक्सर तेंदुआ देखने को मिलता है।

श्री तिवारी ने बताया कि आसपास गांव के लोगों को शाम से लेकर सुबह तक जंगल की ओर नहीं जाने के लिए सावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि कुत्ते का शिकार वाले घटनास्थल से 7 से 8 सौ मीटर की दूरी पर सिंगल हाथी का भी विचरण हो रहा है। इसे देखते हुए बरारी, भोयना, शकरवारा, मुड़पार, कोटाभर्री, सियादेही, लसुनवाही, रामपुर, फुटहामुड़ा, गंगरेल, मरादेव आदि गांव में अलर्ट किया गया है।

# महाप्रभु जगन्नाथ ननिहाल जनकपुरी से कल लौटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- रास्ते में गजामूंग प्रसादी का वितरण होगा

गौशाला जनकपुरी में विराजित भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा 11 दिन विश्राम करने के बाद कल मंगलवार को वापस लौटेंगे एवं जगन्नाथ मंदिर में फिर से विराजित होंगे। रथयात्रा की वापसी मंगलवार को दोपहर 1 बजे होगी। भगवान रामबाग, गणेश चौक, चमेली चौक, मठमंदिर चौक, गोलबाजार, घड़ी चौक, सिहावा चौक से पुनः उसी मार्ग से होते हुए मठ मंदिर के पास स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगे, जहां प्राण- प्रतिष्ठा के बाद पुनः विराजित होंगे।

विदित हो कि बीते 27 जून को रथयात्रा महोत्सव मनाया गया, जिसमें रथ पर सवार होकर महाप्रभु भक्तों को दर्शन देते हुए जनकपुरी पहुंचे, जहां 11 दिन विश्राम कर मंगलवार को पुनः लौटेंगे। रथयात्रा



की वापसी के दौरान ट्रस्टी की ओर से भक्तों को गजामूंग प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरणकुमार गांधी, सत्यनारायण राठी, प्रकाश गांधी, मोहन अग्रवाल, लखमशी भानुशाली, श्यामसुंदर अग्रवाल, डा. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, अनिल मित्तल सहित विनोद अग्रवाल, रविकांत अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, दिलीप सोनी, महेंद्र पंडित, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, संजय अग्रवाल, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंशुल महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, सुल्ली गुप्ता, प्रतापराव कृदत्त, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, राकेश चंदवानी, दिनेश अंबानी, गौरव शर्मा, पुजारी बालकृष्ण शर्मा सहित सभी भक्त रथयात्रा वापसी की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# मुड़केरा और बेलरदोना पंचायत में माल क्रय नियमों की अवहेलना

- मुड़केरा के पूर्व सरपंच-सचिव से 1.80 लाख तथा बेलरदोना के पूर्व सरपंच-सचिव से 14 हजार की वसूली होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत मुड़केरा तथा बेलरदोना में माल क्रय एवं जीएसटी नियमों की अवहेलना का मामला सामने आया है। आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल की शिकायत पर जांच टीम ने दोनों पंचायत के पूर्व सरपंच एवं सचिव पर हजारों रूपये की वसूली की अनुशंसा की है।

ग्राम चर्रा निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट मोहन पटेल ने ग्राम पंचायत मुड़केरा में सन 2022 से 2024 तक माल क्रय नियमों एवं जीएसटी नियमों की अवहेलना कर खर्च करने की शिकायत की थी। 26 अप्रैल 2025 को सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी वेदराम सिन्हा, अजय प्रताप सिंह, तकनीकी सहायक शैलेंद्र सिंह ने इस मामले की जांच की। जांच प्रतिवेदन में जांच अधिकारियों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 छग पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियमों के अनुसार सचिव ग्राम पंचायत मुड़केरा नरसिंग नेताम तथा पूर्व सरपंच कनेसिंग वट्टी से 90125, 90125 रूपये वसूली योग्य पाया गया है। अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई करने का प्रस्ताव किया है।

इसी तरह जांच अधिकारियों ने बेलरदोना पंचायत में जीएसटी नियमों की अवहेलना के मामले में ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती गोमती साहू से 6923 रुपए तथा पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पलता साहू से 6923 रुपए की राशि वसूली योग्य पाई गई है। शिकायतकर्ता मोहन पटेल ने राशि की वसूली तथा दोषियों को पदमुक्त करने की मांग-शासन प्रशासन से की है।

# बारिश में हरी सब्जियों के दाम बढ़े, ग्राहक परेशान

- मेथी भाजी 200 रूपये, बोड़ा 400, फुटु 1000 रूपये किलो बिका
- मुनगा, खेखसा, धनिया, मिर्च 100 रूपये तक पहुंचा


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश लगते ही चिल्हर बाजारों में हरी सब्जियों के दाम में इजाफा होना शुरू हो गया है। इसका कारण है कि बाड़ियों में सब्जी का भरपूर उत्पादन का न होना। रिमझिम बारिश, बदली तथा धूप नहीं निकलने से सब्जियों के पौधे खराब हो रहे हैं जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। उत्पादित सब्जियां भी दो दिन के अंदर गलने लगी हैं। बाजार आते-आते सब्जियां पानी की वजह से खराब हो रही हैं। हरी पत्तीदार सब्जियां भी 30 से 40 रूपये किलो तक पहुंच गई हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 5 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। दिनभर बारिश, बदली के बाद भी ग्राहकों की संख्या नहीं घटी। क्रेता -विक्रेता दोनों रेनकोट, छतरी के सहारे खरीदी बिकी करते रहे। सब्जियों के दाम अधिक होने से ग्राहकों को मायूस होना पड़ा।



### माहभर से आलू-प्याज 25 में स्थिर



हरी सब्जियों के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच लगभग एक माह से आलू-प्याज 25-25 रूपये किलो बिक रहा है। बारिश में भी रेट नहीं बढ़ने से उपभोक्ता संतुष्ट हैं। किराना सामानों के रेट यथावत हैं। किराना व्यापारी देवजी भाई ने बताया कि रविवार को शक्कर 45, गुड़ 55, हल्दी 150-180, मिर्च खड़ी 180-250, धनिया 100-120, जीरा 280, काली मिर्च 700, लहसुन 100-120, तेल रिफाइंड सोयाबीन 130, सरसो खड़ा 80, मेथी 75, राहर दाल 90-110, मूंगदाल 100, उड़ददाल 100, मसूर दाल 85, चना देशी 70, काबुली 120-140, मटर सफेद 60, हरा मटर 110, चनादाल 85, पोहा 50, मसूर खड़ा 80 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 80 रूपये दर्जन रहा।

सब्जी विक्रेता त्रिलोचन सोनकर, घसियाराम सोनकर ने बताया कि रविवार को मेथी भाजी 200 रूपये किलो रही। मुनगा, हरी मिर्च, धनिया, खेखसा 100 रूपये किलो बिका। बोड़रा 400 रूपये तो फुटु 1000 रूपये किलो बिका। गोभी, ढेंस, शिमला मिर्च 80 रूपये किलो रहा। करेला, बरबटी, ग्वारफल्ली, तोराई, टिंडा 60 रूपये किलो बिका। कुंदरू, भिंडी, परवल 50 रहा। भटा, गाजर, पत्तागोभी, डोड़का, कोचई, कटहल 40 रूपये किलो बिका। टमाटर, केला, मूली 30 तो कुम्हड़ा 20 रूपये किलो बिका। लौकी 10 रूपये बिकी।

### जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कर सकते हैं।

# रंगेहाथ धरे गए दो शराब कोचिए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने बेचने के लिए अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब का परिवहन कर रहे दो शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से शराब व एक स्कूटी जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

धमतरी पुलिस द्वारा जिले में नशा व अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन पर नियंत्रण हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना सिटी कोतवाली धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति स्कूटी वाहन से अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई


आरोपियों से शराब व एक स्कूटी जब्त की गई

करते हुए थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने दानीटोला शराब दुकान से नगरी रोड स्थित डेविड भवन के पास घेराबंदी कर एक स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एएल 7087 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक बोरी में छिपाकर रखी गई 115 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 9200 रूपये बरामद की गई। आरोपियों में दीपक साहू उम्र 44 वर्ष निवासी विंध्यवासिनी वार्ड, कौशल सेन उम्र 21 वर्ष केरेगांव कोर्रा शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली धमतरी से सहायक उपनिरीक्षक संतोषी नेताम, प्रधान आरक्षक चंद्रपाल डहरे, आरक्षक गणेश नेताम एवं आरक्षक भूपेन्द्र पदमशाली का योगदान रहा।

# नशीली कैप्सूल बेचते एक और युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद पुलिस ने अवैध रूप से नशीली कैप्सूल बेचने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 216 नग नशीली कैप्सूल एवं नकदी रकम बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।


पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अटल आवास कुरूद निवासी एक युवक द्वारा नहर पार किनारे काले सफेद रंग के गमछे में नशीली दवाई की बिक्री की जा रही है। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक भूपेन्द्र साहू पिता चंद्रकुमार साहू उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास कुरूद को पकड़ा। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 216 नग नशीली कैप्सूल वजन 83.160 ग्राम, अनुमानित कीमत 2,397.60 रूपये तथा बिक्री से प्राप्त रकम 300 रूपये नकद बरामद की गई। आरोपी का कृत्य धारा 22 (ख) नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के अंतर्गत पाए जाने पर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### भगवान विष्णु 4 माह के लिए योगनिद्रा में गए, संसार का कार्यभार भोलेनाथ संभालेंगे

# देवशयनी एकादशी से शुभ कार्यों पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देवशयनी एकादशी पर श्रद्धालुओं ने स्नान दान कर भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा की। इस दिन से भगवान श्रीहरि विष्णु 4 माह के लिए योगनिद्रा में चले गए हैं। संसार का कार्यभार भोलेनाथ ने सम्हाल लिया है। इसी के साथ चातुर्मास भी शुरू हो गया है। विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग गया है। इस दिन का व्रत पापों का नाश, मन की शांति और मोक्ष दिलाने वाला माना जाता है। यह दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा और जागरण के लिए बहुत पावन होता है।



आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के रूप में मनाया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार हर साल देवशयनी एकादशी से भगवान श्रीहरि विष्णु चार महीने सोने के लिए चले जाते हैं। इस दिन से चातुर्मास की शुरुआत होती है और पूरे चार महीने तक मांगलिक कामकाज जैसे शादी-विवाह आदि निषेध होता है। अब चार माह बाद देवउठनी एकादशी पर श्रीहरि विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे और शुभ कार्यों की फिर से शुरूआत होगी। पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि 30 साल के बाद देवशयनी एकादशी पर शनि और शुक्र ग्रह के संयोग से त्रिएकादश का योग बन रहा है। यह योग कई राशियों के लिए शुभ फलदायक होगा। देवशयनी एकादशी की कथा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि सतयुग में राजा मांधाता धर्म के मार्ग पर चलने वाले शासक थे। उनके राज्य में किसी चीज की कमी नहीं थी। लेकिन एक दिन समय ने करवट ली। लगातार तीन साल तक उनके राज्य में बारिश नहीं हुई और भयंकर अकाल फैलने लगा। ऋषि अंगिरा के कहने पर राजा मांधाता ने देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा की और रात भर जागरण किया। अगली सुबह चमत्कार हुआ और जोरदार बारिश होने लगी। पूरा राज्य फिर से हरा-भरा हो गया। उन्होंने बताया कि इस दिन कमल से भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए। रात्रि जागरण से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं।

### अभाविप ने स्वामी विवेकानंद को किया नमन

**नगरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगरी के कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद वार्ड में स्थित विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। उन्हें नमन किया। विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रुपेश साहू ने कहा कि हमें विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वे हमेशा कहते थे कि युवा ही देश का भविष्य है और उनमें असीम क्षमता है। उन्होंने कहा उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो। इस अवसर पर निखिल नेताम, थरुण निषाद, यश जैन, मुकेश संचेती, खिरभान देव, कुणाल साहू ,यश नाग, प्रशांत भट्ट, नोवल छाजेड़ ,प्रिंस सेन, नमन देवांगन, झनेश यादव, संजय यादव, निलेश नेताम, आदित्य नेताम, अतुल सेन, उपेंद्र साहू, कमल साहू सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### पौधों का रोपण कर सुरक्षा भी करें

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत कोण्डे में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा एवं सरपंच प्रेम पुडो के द्वारा पौधा वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास, पंचायत भवन कोण्डे, आंगनबाड़ी भवन के सामने पौधारोपण किया। शासकीय भवनों के आसपास साफ सफाई भी किया गया। जनपद सदस्य एवं सरपंच ने बताया कि पेड़ पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है, इसलिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर संपूर्ण सुरक्षा करना चाहिए। इस अवसर पर उपसरपंच शंकलाल जैन, संजय रावटे, लव पिद्दा, सचिव, रोजगार सहायक, वार्डपंच, ग्रामीण उपस्थित रहे।

### डूबने से नाबालिग की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत पीव्ही 127 निवासी 16 वर्षीय अनीश मंडल का तालाब में डूबने से मौत हो गया। पीव्ही 127 निवासी 38 वर्षीय गौतम मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतक 5 जुलाई को सुबह 7 बजे तालाब के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बैगलेस डे के जुम्बा सत्र में छात्रों ने किया योगाभ्यास

**पखांजुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में हर शनिवार को छात्र और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ बैगलेस डे मनाते हैं। प्रधानाचार्य श्यामल चंद्र डे सहित सभी शिक्षक और छात्र सक्रिय रूप से जुम्बा सत्र में भाग लेते हैं। नियमित पीटी और योगाभ्यास, जुम्बा के साथ मिलकर, छात्रों में नृत्य, शारीरिक गतिविधि और एक स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के प्रति गहरी रुचि जगाई है। इन आकर्षक सत्रों के आयोजन और नेतृत्व में विद्यालय की शिक्षिका कंचन धांगर की भूमिका प्रमुख रही है।

## निधन

### गणेशी सोनकर



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड रामबाग निवासी गणेशी सोनकर पति स्व. जगदीश सोनकर 70 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे शांतिघाट नहर नाका में किया गया। वे जगदीश होटल के संचालक रामेश्वर सोनकर, पवन सोनकर की माता थीं।

### पांवद्वार पंचायत भवन 50 साल पुराना, नए भवन की मांग कर रहे ग्रामीण

# जर्जर पंचायत भवन में बैठने जनप्रतिनिधि मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड का ग्राम पंचायत पांवद्वार पूरी तरह जर्जर हो गया है। ग्रामीण कई साल से नए पंचायत भवन की मांग कर रहे हैं। एक कहावत है दीया तले अंधेरा। यह बात चरितार्थ हो रही ग्राम पंचायत पांवद्वार के जर्जर पंचायत भवन पर। इस पंचायत भवन में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बैठकर गांव के विकास की नई इबारत लिखते हैं। इस जगह पर ही बैठकर लोगों को पक्का मकान देने के लिए प्रस्ताव बनाया जाता है लेकिन जिस जगह प्रस्ताव तैयार किया जाता है, वह भवन ही कच्चा और जर्जर हो तो फिर क्या कहना।





#### बारिश में छत से टपकता है पानी

ग्राम पंचायत पांवद्वार का भवन इतना जर्जर हो चुका है कि यह कभी भी भर-भराकर गिर सकता है। सरपंच राकेश नेताम ने बताया कि यह भवन लगभग 50 वर्ष पूर्व निर्मित है । कवेलू और खपरैल से बना हुआ कच्चा मकान है। इस भवन की दीवारों पर बड़ी बड़ी दरारें आ गई हैं। भवन में लगी लकड़ियां पूरी तरह सड़ चुकी हैं। फर्श उखड़ रहा है। बारिश में छत से पानी टपकता है।

#### हर पल अनहोनी की आशंका

इस खपरैलयुक्त टूटे- फूटे कच्चे भवन में ग्राम पंचायत की बैठक और ग्रामसभा आयोजित की जाती है। सरपंच, सचिव एवं अन्य कर्मचारी आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए यहां उपस्थित होते हैं वहीं दूसरी ओर इस बात का भी मन में डर बना रहता है कि कहीं यह जर्जर भवन अचानक न गिर जाए। हर पल अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

#### आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

पंच शोभराय नेताम, सेवाराम बघेल, चेतन यादव, ग्राम पटेल गिरधर देव, रिखीराम देवांगन, कमलेश यादव, टिकेश कोर्राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब-जब जिले के आला अधिकारियों का दौरा यहां होता है तब-तब इस भवन की दुर्दशा से उन्हें अवगत कराया जाता है लेकिन आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिलता।

#### प्रस्ताव शासन-प्रशासन को भेजा गया

इस संबंध में जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने बताया कि मुझे भी यह जानकारी मिली है कि पंचायत भवन काफी पुराना है। जर्जर हो गया है। सुशासन तिहार में इसकी मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। इस भवन की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन-प्रशासन को भेजा गया है।

## कोटेश्वर महादेव मंदिर में सावन महोत्सव की तैयारी शुरू

- मंदिर परिसर की सफाई, साज-सज्जा का काम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कोटेश्वर महादेव मंदिर कोटाभर्री (डोंगरडुला) में सावन महोत्सव की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल के नेतृत्व में मंदिर परिसर की सफाई, साज-सज्जा एवं विशेष पूजन की रूपरेखा तैयार की गई है।



इस आयोजन के मार्गदर्शक सत्यनारायण, संरक्षक मदन नाग, कोषाध्यक्ष तुकेश्वर साहू, सचिव संतोष चौहान की देखरेख में धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी सुचारु रूप से चल रही है। बैठक में कुलदीप साहू, हरक मंडावी, अनराज साहू, पेमेंद्र साहू, पुसऊ, बिपत सोरी, फुलेश्वरी नेताम, पुष्पा मंडावी, प्रताप साहू, महावीर गुप्ता, भोला शर्मा, मुरारी ग्वाल, दुखवा, धनी राम, सोहन मरकाम समेत अन्य मौजूद थे। सावन के हर सोमवार को शिव का अभिषेक, रुद्राभिषेक, झांकी सजावट एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जल सेवा तथा भक्तिमय वातावरण की व्यवस्था की जा रही है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बसंत हिरवानी ने दी है।

## भगवान जगन्नाथ 11 दिन बाद ननिहाल से लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

भगवान जगन्नाथ की 11 दिनों के बाद वापसी हुई। जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति ग्राम अमलीडीह द्वारा भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को यथास्थान पर स्थापित किया गया। मौके पर समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, पुजारी सतवन साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सचिव युंजू साहू, सरपंच नेमीन साहू, उपसरपंच टाटेश्वर साहू, देवनाथ साहू,पोषण लाल, श्रवण यादव, संजय साहू, खुलेश्वर साहू, धामु साहू, सागर साहू, कीर्तन साहू, रूपराम निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, डागेश्वर यादव, डोमार साहू, बीरेंद्र साहू, रोमसिंह साहू, रामेश्वर साहू, चुम्मन साहू ,मोनू साहू, सोनू यादव समेत अनेक ग्रामवासी





## संकल्प हथौड़े जैसा हो, तकिये जैसा नहीं : वैभव श्रीजी

- ओसवाल भवन में प्रवचन सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी में चातुर्मास के लिए पहुंची जैन साध्वी वैभव श्रीजी मसा ने ओसवाल भवन में प्रवचन की शुरुआत करते हुए कहा कि संकल्प यदि मजबूत हो तो वह असंभव को भी संभव बना सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी कील को तकिये से बार-बार मारे तो कुछ नहीं होगा, लेकिन यदि उसी कील पर संकल्प रूपी हथौड़े से एक बार प्रहार करें तो वह दीवार में धंस जाती है।

प्रवचन की शुरुआत साध्वी काव्या मसा ने करते हुए कहा कि हम थोड़ा-सा धन देखकर भगवान को भूल जाते हैं, जबकि सच्चा चिंतन यह होना चाहिए कि यदि भगवान मिल जाए, तो धन भी स्वयं मिल जाएगा। साध्वी वैभव श्रीजी ने कहा कि आज हमारी सोच स्वार्थ केंद्रित हो गई है। जब मनचाही चीज़ मिलती है तो श्रेय स्वयं ले लेते हैं और जब कुछ विपरीत होता है तो भगवान को दोष देते हैं। कोरोना काल में यदि कोई गुजर गया तो भी हम ईश्वर को कोसते हैं, लेकिन आत्ममंथन नहीं करते। हम अच्छाई की बजाय गलतियों को खोजते हैं और दिनभर उलझनों में ही पड़े रहते हैं।

उन्होंने प्रवचन में एक प्रेरक कहानी के माध्यम से यह भी बताया कि कैसे हम सही और गलत का निर्णय करते हैं और उसमें भी पूर्वाग्रह लाते हैं। प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थिति रही। आज का प्रवचन खुश रहने के उपाय विषय पर होगा।

## अंचल की खबरें

### भाजपाइयों ने डॉ मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**कुरुद।** कुरुद नगर के भाजपाइयों ने भाजपा के संस्थापक डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को पुराना बाजार चौक स्थित उसकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा नेतागण भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, हरिनारायण साहू, हरिशंकर सोनवानी, मोहन अग्रवाल, हरिशंकर साहू, विकास चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, गोरख देवांगन, सुनील चन्द्राकर, खिल्लू देवांगन, महेश सिन्हा, कमलेश चन्द्राकर, सूरज देवांगन, बल्लू चन्द्राकर, बजरंगी, विकास, डेविड देवांगन उपस्थित थे।

### जरवायडीह में सीसी रोड के लिए हुआ भूमिपूजन



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत जरवायडीह में 15वें वित्त से तालाब पार में 2 लाख रुपये से बनने वाले सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि चंदूलाल पाल, उपसरपंच गोविंदा पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष खेदुराम पटेल, दीनदयाल पाल, चंद्रहास पटेल पंच, कन्हैया पाल, दिलीप पाल, तिलक पाल समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिलघट के मुक्तिधाम में 42 पौधे रोपे गए



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत सिलघट के मुक्तिधाम में एक पेड़ मां के नाम पर 42 पौधों का रोपण किया गया जिसमें अशोक 35, बादाम 4, पीपल 1, बरगद 1 एवं बेल का 1 पौधा लगाया गया। मौके पर अध्यक्ष भाजपा मंडल भखारा रवि सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि चेतन सोनकर, शिक्षकगण मोहन सिन्हा, खिलावन साहू, बिशेसर सिन्हा, दिलीप सिन्हा, हुमन सिन्हा, सुरेन्द्र सिन्हा, ठकेश्वर साहू, रेखराम सिन्हा, थलेश सिन्हा, संजय सिन्हा, ईश्वर सोनकर, धर्मेन्द्र निषाद समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## नारी में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम नारी में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया।

इस अवसर पर थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने बताया कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी व शिक्षाविद थे। श्री मुखर्जी ने 1917 में मेट्रिक तथा 1921 में बीए की परीक्षा पास की। 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात विदेश चले गए। 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने पिता का अनुकरण करते हुए उन्होंने अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक रहे।



कार्यक्रम में थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य नारी, सालिकराम साहू सरपंच प्रतिनिधि नारी, नंदलाल सोनकर उपसरपंच, धर्मेंद्र चक्रधारी बूथ अध्यक्ष, कुलेश्वर भास्कर, हिरामन चक्रधारी, हरिचंद, टिकेश, गयाराम पांडे, कृपाराम यादव, जागेश्वर चक्रधारी, मिथुन चक्रधारी, मिथिलेश, निर्मल सोनकर शामिल

## पचपेड़ी स्कूल में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

### रासेयो छात्रों ने उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। संस्था में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श और सिद्धांतों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सीएच साहू ने स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के उपलब्धियों के बारे में बताया।




प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे ने स्वामी जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके नरेंद्र दत्त से स्वामी विवेकानंद बनने तक की जीवन यात्रा का वर्णन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 90 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में व्याख्याता एचसी पटेल एवं व्यायाम शिक्षक सुरेशकुमार निषाद का विशेष सहयोग रहा।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद को भारतीय संस्कृति, भारतीय दर्शन और धर्म का प्रचारक बताते हुए राष्ट्र का सजग प्रहरी बताया तथा युवाओं को स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श स्वीकार करने की बात कही।

### सरपंच के सहयोग से जेसीबी मशीन लगाकर खेल मैदान को किया समतल

# युवाओं ने श्रमदान से बदली मैदान की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

सावन का महीना शुरू होने को है। ग्रामीण क्षेत्र में इतवारी मानने की परंपरा इस रविवार से शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत इर्रा के युवाओं ने टोली बनाकर रविवार को खेल मैदान में उगे खरपतवार व गंदगी की सफाई की। सरपंच के सहयोग से जेसीबी मशीन लगाकर खेल मैदान को समतल किया गया। इस स्वच्छता अभियान में गांव के युवाओं ने भाग लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के खेल मैदान में खतपतवार उगे हैं। इसके अलावा मैदान में गंदगी भी है। गांव के युवाओं ने निर्णय लिया कि गांव के खेल के मैदान को साफ-सुथरा किया जाए। युवाओं ने श्रमदान कर इसकी साफ-सफाई की।



इस अभियान में शीतल सेन, सत्योम, टामन, हिमांशु, मुकेश, बल्ला, हर्षु, अनुराग, लोमश, उमाशंकर, नीलमणि, तुषार, डेमन, शिवम, गिरधारी निषाद, सनत साहू, ओमप्रकाश, लीलेश सहित अनेक युवा शामिल रहे।

#### सभी के परिश्रम का फल

सरपंच सूर्यकांत साहू ने बताया कि इर्रा का मैदान क्षेत्र का सबसे बड़ा मैदान है। यहां लंबे समय से स्टेडियम की मांग की जा रही है। यहां स्टेडियम का निर्माण हो जाता है तो युवाओं के भविष्य के लिए मैदान संरक्षित हो सकता है। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए युवाओं ने रिमझिम बारिश में कड़ा परिश्रम कर कटीली झाड़ियों की सफाई की। श्रमदान से मैदान सुंदर बन गया है। हमारा लक्ष्य युवाओं को नशे की प्रवृति से दूर रखना और खेलों से जोड़ना है।

## रूबल का आवासीय विद्यालय में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा डोंगरीपारा निवासी रुबल निषाद पिता महेंद्र निषाद ने 900 बच्चों के साथ आदर्श उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय फरसगांव में चयन के लिए परीक्षा दिलाई थी। इसमें ओबीसी के लिए दो सीट थी। रूबल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक यशवंत ढिढेकर ने कहा कि यह हमारे शाला का गौरव है। रूबल शुरू से होनहार तथा आज्ञाकारी है।

इनके चयन पर रश्मि सोरी, ललित कश्यप, जागेन्द्र यदु, गौकरण नाग, वरुण निषाद सहित ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

**न्यायालय नजूल तहसीलदार के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202505132100031/224**
विषय :-अ-6 मामले की श्रेणी :-राजस्व
सन :-2024-2025
धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - छबिलाल पटेल एवं अन्य 03,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

आवेदक छबिलाल पटेल पिता स्व. सोनसाय पटेल, जाति-मरार एवं अन्य 03 निवासी बठेना वार्ड धमतरी, तहसील-धमतरी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला बठेना वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी में नजूल भू-खण्ड क्रमांक 38/71/1, क्षेत्रफल 368.75 वर्गफीट, जो धारक सोनसाय पटेल पिता मिट्ठूराम पटेल के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज चले आ रहे है। उक्त वर्णित भूमि के पट्टा धारक सोनसाय पटेल पिता मिट्ठूराम पटेल की मृत्यु दिनांक 16/10/2007 को हो चुकी है। स्व. सोनसाय पटेल के वारिसान में से पत्नी हिल्दे बाई पटेल की मृत्यु दिनांक 18/08/2021 एवं पुत्र रवि कुमार पटेल की मृत्यु दिनांक 11/10/2023 को हो चुकी है। रविकुमार के विधिक वारिसान खुशयाली पटेल पुत्री, गायत्री पटेल पत्नी है। अतः मृतक/धारक स्व. सोनसाय पटेल का नाम पट्टा अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम में नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 10.07.2025 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/07/2025 को जारी किया जाता है।

**मधुकर सिरमौर**
**नजूल तहसीलदार, धमतरी (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### इनरव्हील क्लब ने दो छात्रों की फीस भरी



**धमतरी।** इनरव्हील क्लब ऑफ धमतरी द्वारा 4 जुलाई को अग्रसेन भवन में स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 326 के नवनियुक्त गवर्नर अमित जायसवाल, पीडीसी श्रीमती जागृति दोशी थे। इस अवसर पर क्लब ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए दो जरूरतमंद विद्यार्थियों की वार्षिक स्कूल फ़ीस का खर्च उठाकर शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान किया। क्लब परिवार में दो नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त हुई। मौके पर सुधा अग्रवाल, नेहा लाठ, ज्योति गोयल, जागृति दोशी, मनीषा साहा, कृष्णा मित्तल, रूपल जैन, सुधा शर्मा, ममता खंडेलवाल, माला महावर, पूनम मित्तल, सुनैना अग्रवाल, ममता, हेमल दोशी, कामना जैन, कमलेश गोयल, डॉ. अनुराधा गुप्ता, पायल गोयल, दिशा महावर, बबीता गोयल, इला मेहता, मनीषा जयसवाल, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि श्रीवास्तव, एकता झंवर, शिल्पी खंडेलवाल, पल्लवी जायसवाल, राखी जैन, हमीदा रोकड़िया, रिंकी अग्रवाल मौजूद थीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पीडीसी श्रुति अग्रवाल ने दी।

### घायल युवक की मौत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत केवटी के पास अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दिया। जिससे युवक बाइक समेत जमीन पर गिर गया। टक्कर से युवक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक आमाकड़ा निवासी 30 वर्षीय प्रवेश दर्रो पिता राम चरण दर्रो 5 जून को सुबह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एएन 5273 में सवार होकर बड़ी बहन पूर्णिमा उइके के घर शाहकट्टा गया था। वहां से शाम को वापस आ रहा था कि शाम लगभग साढ़े 6 बजे केवटी फरसकोट मंदिर के पास सामने कि ओर से आ रही अज्ञात वाहन के चालक द्वारा वाहन को तेजगति व उतावलेपन से चलाते हुए प्रवेश दर्रो के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से आई चोटों के कारण प्रवेश दर्रो की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**कांकेर।** माय भारत कांकेर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा व युवती द्वारा पौधारोपण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा व युवतियों द्वारा पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने के लिए शपथ लिया। साथ ही कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता युवा-युवतियों के लिए आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में अनिल कुमार वालिंटियर द्वारा अपील की है कि सभी युवा साथी पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं और अधिक से अधिक पौधारोपण करें।

### आमापारा स्कूल परिसर में हुआ पौधारोपण

**कांकेर।** आमापारा के वार्ड पार्षद ने मोहल्ले के नागरिकों के साथ रविवार की सुबह आमापारा स्कूल के आसपास साफ सफाई का निरीक्षण किया। पार्षद नरेंद्र साहू ने स्कूल परिसर में बैठक का आयोजन कर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने रणनिति बनाई। नागरिकों से भी अव्हान किया गया कि आमापारा स्कूल के सामने व स्कूल परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर ना फैलाएं।

प्रेक्टिस के समय खिलाड़ियों को होती है असुविधा

# इंडोर स्टेडियम में मूलभूत सुविधाओं की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आमातालाब रोड में करोड़ों की लागत से बनाए गए इंडोर, आउटडोर स्टेडियम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां प्रेक्टिस के लिए आने वाले खिलाड़ियों को काफी असुविधा होती है। खासकर महिला खिलाड़ियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेलप्रेमी मयंक श्रीवास्तव, कार्तिकेय ठाकुर, अमन सिन्हा, राजेंद्र कटारिया, शुभम दीक्षित सहित खेल प्रशिक्षक लक्ष्मण साहू पहलवान, कैलाश यादव, गगन कुंभकार, लीना यादव आदि का कहना है कि इंडोर स्टेडियम में पर्याप्त मात्रा में लाइट की व्यवस्था नहीं है।

कोर्ट रूम खराब हो गए है। कूलर पंखे, एग्जास्ट फैन के अभाव में शुद्ध हवा हाल तक नहीं पहुंच पाती। गर्मी और बारिश के मौसम में खासी परेशानी होती है।









परिसर में पानी भरा रहता है। घासफूस, झाड़ियां उग आई है जिसकी सफाई नहीं हुई है।

बारिश में छत से पानी टपकता है। गर्मी में तेज गर्मी का अहसास होता है। दीवारों में दरारें आ गई हैं। शुद्ध पेयजल, शौचालय, रेस्ट रूम, लंच रूम, चेजिंग रूम, वेटिंग रूम, वाशरूम का अभाव है। मौजूदा लेट बाथ खराब है। गंदगी का आलम है। कोर्ट खराब होने से टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कुश्ती, कराते, बाक्सिंग, टेनिस गेम आदि खेलने में परेशानी होती है।

### आउटडोर खेल मैदान में मवेशियों का विचरण

स्टेडियम के आउटडोर खेल मैदान में हमेशा 50 से 60 मवेशी दिन रात विचरण करते हैं। आलम यह है कि मवेशी और इंसान को साथ-साथ अपना काम करना पड़ता है। पूरा मैदान चारागाह बन गया है। जगह-जगह गोबर की गंदगी है। मैदान के चारों तरफ घासफूस झाड़ियां उग आई हैं। ओपन बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम की हालत खराब है। पार्किंग का अभाव है। मैदान में पेयजल, वाशरूम, बाथरूम नहीं है।

# धमतरी जिला अब 27 साल का युवा बन गया



मनोज गोविल



सुब्रत साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी शहर का इतिहास काफी पुराना है। रजवाड़ों का मुख्यालय होने के कारण पूरे प्रदेश और देश में नाम है। बांधों और पर्यटक स्थलों के कारण शहर का नाम प्राचीन इतिहास में दर्ज है।

धमतरी तहसील रायपुर, रतनपुर तहसील के समकालीन है। इसे जिले का दर्जा 6 जुलाई 1998 को मिला। अब धमतरी 27 साल का युवा बन गया है। जिला बनते ही धमतरी ने तेजी से विकास किया है। यहां का व्यापार-व्यवसाय काफी मजबूत हुआ है। राइस मिलों की संख्या व धान उत्पादन के कारण पूरे एशिया में मशहूर है। धमतरी को जिला बनाने के लिए यहां के निवासियों ने काफी मेहनत की है। धरना-प्रदर्शन किया। रेल रोकी। कृपाराम साहू के मंत्री बनने के बाद-अविभाजित मप्र- धमतरी को जिला बनाने दबाव बना। सुंदरलाल पटवा की सरकार ने धमतरी को जिला बनाने का प्रस्ताव पारित किया। दिग्विजय सिंह के शासनकाल में धमतरी जिला बना। जिला बनने के बाद रूद्री पॉलीटेक्निक कालेज में विधायक माधव सिंह ध्रुव, केशरीमल लुंकड़, गुरूमुख सिंह होरा की उपस्थिति में कुरूद, नगरी, मगरलोड, धमतरी की जनता ने जश्न मनाया। यहां के प्रथम कलेक्टर मनोज गोविल रहे। द्वितीय कलेक्टर के रूप में सुब्रत साहू थे।



पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने बताया कि धमतरी जिला बनने के बाद क्षेत्र का क्रमवार विकास होता गया। शिक्षा साक्षरता राजीव गांधी मिशन आदि के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ।

# मध्यस्थता एक वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रक्रिया

- ''मध्यस्थता राष्ट्र के लिए'' अभियान को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मीडियेशन एण्ड काउन्सिलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी (एमसीपीसी) नई दिल्ली के मार्गदर्शन में व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार रामकुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के संबंध में जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय के समस्त न्यायधीश, मध्यस्थता अधिकारी के साथ बैठक ली। बैठक में जिला न्यायधीश ने बताया कि 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' यह अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक चलाया जाना है जिसमें उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय स्तर पर लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किये जाने 90 दिवसीय समय-सीमा निर्धारित किया गया है।

तत्संबंध में एसओपी प्राप्त हुआ है, जिसका पालन किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। न्यायाधीश ने चर्चा के दौरान बताया कि मध्यस्थता एक वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रक्रिया है, जिसमें पक्षकार अपनी सहमति से लंबित प्रकरणों का सौहार्द्रपूर्ण निपटारा कर सकते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य सिविल मामलों का निपटारा संभव है। मध्यस्थता प्रभारी श्रीमती उषा गेंदले जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी धमतरी द्वारा ने भी अभियान के संबंध में सभी न्यायाधीशों को विस्तारपूर्वक बताया।

बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश धमतरी मोहन कोर्राम, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती अर्चना भास्कर, सीजेएम श्रीमती नमिता मिंज भास्कर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी श्रीमती नेहा उसेन्डी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रजत कुमार निराला, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मीनू नंद, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी प्रणव वैद्य उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से तालुका न्यायालय कुरूद एवं नगरी के न्यायाधीशगण जुड़े थे।

# एसोसिएशन ने किया सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय रत्नाबांधा रोड स्थित सीनेट सिटी कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी में निवासरत सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पटेल ने बताया कि कॉलोनी में विभिन्न क्षेत्र से जुड़े हुए लोग निवासरत हैं, जिनमें से कई निवासी शासकीय विभाग में निष्ठापूर्वक अपनी सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारी सुनील भारद्वाज सीनियर टेक्निकल सुपरवाइजर एटॉमिक एनर्जी प्लांट नरोडा, घनश्याम सिंह ढीढी अधीक्षक आदिम जाति कल्याण विभाग, विजय माहेश्वरी सबडिविजनल ऑफिसर पीएमजीएसवाय, डॉक्टर टीआर ध्रुव सीनियर मेडिकल ऑफिसर स्वास्थ्य विभाग को शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती छाया श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन संजीव शर्मा ने किया।

## देश की एकता के लिए मुखर्जी ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया : बैस



**धमतरी।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सोरिद वार्ड स्थित अटल आवास के समीप किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने किया। इस अवसर पर श्री बैस ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रहित में किए गए संघर्षों और योगदानों का उल्लेख करते हुए कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति, शिक्षा और राष्ट्रवाद के एक महान प्रतीक थे। उनका जीवन एक आदर्श राष्ट्रसेवक, सिद्धांतनिष्ठ नेता और प्रखर विचारक के रूप में हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। वे न केवल एक सफल शिक्षाविद् और कानूनविद् थे, बल्कि एक निर्भीक राष्ट्रभक्त भी थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि अपनी मां और मातृभूमि के प्रति सम्मान भी प्रकट कर रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने वृक्षों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर ओबीसी आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रीतेश गांधी प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक महेंद्र पंडित, जिला उपाध्यक्ष श्याम साहू, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद पांडे, मण्डल अध्यक्ष पवन गजपाल, मिश्रीलाल पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय साहू, निगम सभापति कौशल्या देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, हेमराज सोनी, नरेश साहू, डीपेंद्र साहू, विभा चंद्राकर, चंद्रभागा साहू, चंद्रकला पटेल, विशाल द्विवेदी, विजय ठाकुर, मुकेश शर्मा, इंद्रेश देवांगन, नंदू लोधी समेत अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल मगरलोड ने मनाई श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



एक देश दो विधान दो प्रधान दो निशान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जन संघ के संस्थापक का बलिदान हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकता अखंडता की प्रेरणा देता है। ऐसे महान पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी मंडल मगरलोड कार्यालय में मनाई गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, जिला पंचायत सदस्य कृषि सभापति टीआर कंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष विरेंद्र साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, मंडल महामंत्री नंदनी सिन्हा, महामंत्री मुरली सिन्हा, कोषाध्यक्ष डीहू राम साहू, मंडल मीडिया प्रभारी हिरंजय साहू, पार्षद यशोदा साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, सरपंच भरदा भानुप्रिया साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद साहू, दिलीप सिन्हा, बूथ अध्यक्ष मगरलोड निर्मल साहू, कार्यकारिणी सदस्य श्यामा साहू, रमेश साहू, आईटी सेल प्रभारी खूबचंद साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, गोपी साहू, हेमंत साहू शामिल हुए।

## सात दिन की कथा का सार गीता में : पं. हरिशरण

- रांवा में श्रीमद् भागवत महापुराण का समापन

**धमतरी।** ग्राम रांवा में श्रीमद् भागवत महापुराण का समापन सोमवार को हुआ। गीता प्रवचन में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने धर्मयज्ञ का लाभ उठाया। इससे पहले 9 दिनों तक भागवत ज्ञान गंगा में श्रद्धालुओं ने गोते लगाए। भागवत प्रवक्ता पंडित हरिशरण वैष्णव ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 30 मिनट के गीता प्रवचन में सात दिनों के भागवत कथा का सार समाया हुआ है। जिसने भी गीता प्रवचन सुन लिया, उसे भागवत कथा सुनने का पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निकली वाणी है। जिसने भी गीता के ज्ञान को गहराई से समझ लिया वह जीवन मरण के चक्र से मुक्त हो जाएगा। मोह माया के बंधनों से मुक्त होकर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर लेगा।



## छात्रों ने नशे से दूर रहने, जल की बचत करने एवं स्वच्छता की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- बाल चेतना त्रिवेणी अभियान के तहत पीएमश्री सेजेस बठेना में हुआ कार्यक्रम

जिले के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में बाल चेतना त्रिवेणी अभियान अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 5 जुलाई को पीएम श्री एमआरडी गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल एक्सीलेंस धमतरी में विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति, जल संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे आवश्यक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ मंच पर आकर नशा मुक्ति की शपथ ली और नशे से दूर रहने, जल की बचत करने एवं स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को साझा किया। कक्षा बारहवीं की छात्रा गरिमा साहू एवं छात्र दीपांशु साहू ने नशामुक्ति पर अपना विचार व्यक्त करते हुए नशे से जीवन में प्रभाव पड़ने वाली चीजों के बारे में बताया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा शाफिया फातिमा ने भी नशे के नकारात्मक प्रभाव को व्यक्त किया।

नवमी की छात्रा वैष्णवी साहू व पूर्वांशा मोरघड़े ने भी अपने मित्रों के बीच नशा से बचाव हेतु टिप्स साझा किये। व्याख्याता दीपक कुमार साहू ने नशा, स्वच्छता व जल संरक्षण को विद्यार्थियों के बीच साझा किया। संस्था के व्याख्याता लीना जेठवा ने नशा पर व्याख्यान दिया। ग्रन्थालय अध्यक्ष रवि कुमार यादव ने नशा से बचने जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्याता पोलेन्द्र करभाल व परमानंद देवांगन ने नशा व जल संरक्षण हेतु जल की उपयोगिता बताई। व्याख्याता रेशमा साहू ने स्वच्छता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने त्रिवेणी चेतना योजना दिवस पर प्रकाश डाला।

राजपुर में विवेकानंद यूथ सर्कल ने किया पौधारोपण

# प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





विवेकानंद यूथ सर्कल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला धमतरी के द्वारा प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा की शुरुआत 5 जुलाई को धमतरी नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी की पूजा अर्चना से हुई थी जो कुरूद नगर एवं विभिन्न गांवों से होते हुए राजपुर पहुंची। द्वितीय दिवस 6 जुलाई को ग्राम मेघा से परसवानी, भरदा से ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में प्रवेश किया। नगर के प्रवेश द्वार पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा साइकिल यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात नगर के मुख्य चौक में व्यापारी संघ के व्यापारियों ने साइकिल यात्रियों का स्वागत किया एवं उन्होंने इस प्रकार के किए गए कार्यों की सराहना की इसके पश्चात साइकिल यात्रा आगे बढ़ते हुए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास पहुंची जहां पर विद्यालय के समिति सदस्यों एवं आचार्यों ने यात्रा का गुलाल पुष्प आरती वंदन चंदन कर स्वागत किया। भैंसमुंडी में दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता बहनों ने यात्रा आरती उतारकर स्वागत किया। ग्राम लुगे, छिपली, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पंहदा, भोथा, बोरसी में साइकिल रैली का स्वागत किया। ग्राम राजपुर में विवेकानंद यूथ सर्कल एवं पर्यावरण संरक्षण द्वारा नवाडीह स्कूल में पौधरोपण किया गया। रैली यात्रा के प्रभारी भेदु प्रसाद और राकेश साहू ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाने एवं उनके संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है। जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए प्रेरित करना, प्लास्टिक एवं पॉलीथिन से पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास करना , ऊर्जा संरक्षण के दिशा में कार्य करना। बिजली के उपकरणों का उचित उपयोग करना, कचरा और अपशिष्ट पदार्थों को पुनः चक्रण के लिए प्रेरित करना है। राजपुर में हुए स्वागत कार्यक्रम में पूर्व सरपंच विजय यदु, पंच लक्ष्मण ध्रुव, गुरुदयाल पटेल, पंच प्रतिनिधि रेखराम ध्रुव, जितेन्द्र कंवर, सुखीत कंवर, ओमप्रकाश साहू, सोमनाथ यादव, पवन निषाद, यादराम साहू, गन्नू साहू, तम्मू यादव, डाली, देविका, गगन उपस्थित थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)



100% CAMPUS PLACEMENT

फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
07389095800, 09300408100

खबर संक्षेप

## सांकरा मंडी प्रांगण में हुआ पौधरोपण

**नगरी।** ग्राम सांकरा के धान खरीदी केंद्र में जपं नगरी सीईओ रोहित बोर्झा के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, सांकरा मंडी अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच सती मरकाम, सांकरा सोसाइटी प्रबंधक जीवन लाल साहू, पूर्व मंडी सदस्य सुगंधचंद साहू, राजू पटेल, सोहन पटेल, खुशीराम साहू सहित सोसाइटी कर्मचारी उपस्थित थे।

## चातुर्मास में रामचरित मानस का पाठ अवश्य करें

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि 6 जुलाई से देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो गया। हरिशयनी एकादशी के बाद चार माह कोई भी मांगलिक कार्य वर्जित है। इस वर्ष चातुर्मास देवशयनी एकादशी 6 जुलाई से प्रारंभ होकर 1 नवम्बर देवउठनी एकादशी तक 119 दिनों की है। इस चातुर्मास में रामचरित मानस का पाठ अवश्य करना चाहिए। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

## हर्ष ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

**धमतरी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. मिट्ठूलाल अग्रवाल के सुपौत्र व दीपक अलका अग्रवाल के पुत्र हर्ष अग्रवाल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर व समाज को गौरवान्वित किया है। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर व माता-पिता व परिवार को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर उत्कर्ष जैन, मधुर पारख, गौरव अग्रवाल, हर्ष, अमन साहू, कुशल नाहटा, सृजन गुप्ता, प्रथम पारख, रौनक पारख, नमन जैन, मोहित पारख, मयंक पारख, राजा लुंकड़, यश जैन ने हर्ष व्यक्त किया है।



## लेडीज क्लब की काजल अध्यक्ष बनीं



काजल सिन्हा



साधना साहू



रचना नायडू

**धमतरी।** लेडीज क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी घोषित की गई। सर्वसम्मति से श्रीमती काजल सिन्हा अध्यक्ष, श्रीमती साधना साहू सचिव एवं श्रीमती रचना नायडू कोषाध्यक्ष चुनी गई। 13 जुलाई को नवगठित टीम का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है।

## कातलबोड़ स्कूल में हुई मानस संगोष्ठी

**कुरूद।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कातलबोड़ के प्रधानपाठक महेंद्र कुमार साहू के 61वें जन्म दिवस पर मानस गोष्ठी का आयोजन शाला प्रांगण में रखा गया। अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष जिला राज मानस संघ धमतरी, लोकेश्वर सिन्हा अध्यक्ष मानस शक्ति केंद्र खैरा, योगेश्वर साहू सलाहकार राज मानस संघ धमतरी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पाठशाला में मानस गोष्ठी आयोजन की सोच राजमानस संघ के सलाहकार चम्पालाल साहू की थी। इस नवीन पहल से बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा का संचार हुआ। धर्म, संस्कृति की समझ विकसित हुई। मानस पठन-पाठन के प्रति बच्चों में रुचि पैदा हुई।

## टेंट व्यवसायी से मारपीट

**महासमुंद।** टेंट व्यवसाई और उसके दोस्त के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अरेकेल निवासी व टेंट व्यवसायी मोहनदास ने बताया कि 5 जून को रथ यात्रा में उसका टेंट गांव में ही लगा था।

### रोहित इलेवन, रॉयल स्ट्राइकर, टर्फ टाइटन, विजय इंश्योरेंस, रेड टाइगर ने जीत दर्ज की

# मानसून कप में राज्य की 32 टीम दिखा रही प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बॉक्स ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट मानसून कप 2025 का शुभारंभ हुआ। अतिथि समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, चंद्रकला पटेल, मेघराज ठाकुर, कविंद्र जैन, विजय साहू थे। टूर्नामेंट का आयोजन यंग स्टार क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष रघुवीर बघेल के नेतृत्व में हो रहा है। प्रतियोगिता में राज्य भर से 32 टीमों ने हिस्सा लिया है। प्रथम आने वाली टीम को 31000 रुपए व विनर कप, उपविजेता टीम को 21000 रुपए, रनर कप वहीं तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 11000 रुपए व कप के अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। मैन ऑफ द सीरीज 5000 रुपए व फाइनल में मैन ऑफ द मैच 3000 रुपए, सेमीफाइनल मैच में 2000 रुपए दिये जायेंगे।

पहला मुकाबला रोहित 11 वर्सेस राइजिंग टाइटंस के बीच खेला गया जिसमें राइजिंग टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 6 ओवर में राइजिंग टाइटंस की टीम मात्र 24 रन 1 विकेट खोकर ही बना पाई। इसके जवाब में रोहित की टीम ने तीन ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच रहे रोहण शर्मा जिन्होंने 14 रन की नाबाद पारी और एक विकेट भी लिया।

दूसरा मुकाबला सेवन ब्रदर्स वर्सेस रॉयल्स स्ट्राइकर के बीच खेला गया जिसमें रॉयल स्ट्राइकर कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में दो विकेट खोकर 50 रन बनाए और सेवन ब्रदर्स की टीम को जीत के लिए 51 रनों का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में सेवन ब्रदर्स मात्र 28 रन ही बना पाई। रॉयल स्ट्राइकर 22 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच रहे तमेश पटेल रहे।

तीसरा मुकाबला टर्फ टाइटन वर्सेस औरए आर फार्मर्स के बीच खेला गया जिसमें टर्फ टाइटन पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 47 रन तीन विकेट खोकर बनाए। जवाब में ए आर फार्मर्स की टीम 4 विकेट पर मात्र 33 रन ही बना पाई । 14 रनों से टर्फ टाइटन ने यह मुकाबला अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच राज पांडे रहे।

चौथा मुकाबला विजय इंश्योरेंस वर्सेस रॉयल 7 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विजय इंश्योरेंस की टीम ने 6 ओवर में तीन विकेट खोकर 43 रन बनाए जिसके जवाब में रॉयल 7 की टीम मात्र 18 रन ही बना पाई। इसी प्रकार विजय इंश्योरेंस की टीम 25 रन से विजय रही। मैन ऑफ द मैच रहे आकाश डिंडोलकर रहे।

अंतिम मुकाबला डीएमटी वर्सेस रेड टाइगर रायपुर के मध्य खेला गया। डीएमटी पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 38 रनों पर ऑल आउट हो गई जिसके जवाब में रेड टाइगर रायपुर की टीम तीन विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच रहे देव नेताम रहे।

## जोरातराई (अं) में मनी श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम जोरातराई (अं) में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जब देश आजाद हुआ तब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल हुए लेकिन पं. नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के बीच हुए समझौते के पश्चात उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। वे देश में राष्ट्रवाद का विचार चाहते थे। इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की।

## ननि की टीम ने विशेष अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ा

- पशु मालिकों को अपने पशुओं को सड़क पर न छोड़ने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही आवारा पशुओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम ने शनिवार को दिन और रात में सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं की धरपकड़ की तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

इस अभियान के दौरान पशु मालिकों को भी सख्त निर्देश देते हुए समझाइश दी गई कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें, अन्यथा नगर निगम द्वारा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का यह प्रयास नागरिकों की सुरक्षा, सड़क यातायात की सुगमता तथा स्वच्छता बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम है। आम जनता से अपील की है कि वे नगर निगम का सहयोग करें और अपने पालतू पशुओं को नियंत्रित रखें। नगर निगम द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा। खुले में आवारा पशुओं को छोड़ने पर एक्शन भी लिया जाएगा।

## पानी बचाओ, पेड़ लगाओ रैली लीलर पहुंची

**धमतरी।** युवा शक्ति पीठ द्वारा पानी बचाओ, पेड़ लगाओ रैली निकाली गई। निर्देशक भेदूप्रसाद साहू ने बताया कि यह ली कुरूद, मेघा, मगरलोड होते हुए लीलर के गायत्री मंदिर पहुंची जहां पर गायत्री परिजनों द्वारा श्रीफल देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में हेमंत नेताम, सरपंच एमआर निषाद, जिला संगठन प्रभारी किशन दीवान, कृपाराम सिन्हा, कुबेर ध्रुव, बलराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योतिलिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
9993157703, 8319628583
9340292572, 9589261876

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

– दवाई मिलने का स्थान –
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
08 जुलाई दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
09 जुलाई दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
थायराइड, शुगर, बी. पी., नशों में दर्द, घुटना दर्द, PCOD, माइग्रेन, मूत्र रोग।
स्त्री रोगो की संपूर्ण चिकित्सा
दाद, खुजली (Fungal Infection), बाल एवं नाखून रोग क्या आपके बाल झड़ते है? (कंघी करते समय, गुच्छे के रूप में) डेन्ड्रफ, खुजली। मुहासे (Pimple), झाई, कालापन।
माइग्रेन (सिरदर्द) धूप पर जाने पर ज्यादा दर्द, सुस्ती कमजोरी थकान, चक्कर।
PCOD महीना अच्छे से न आना।
Leucorrhoea (सफेद पानी)
गठियावात एवं न्यूरोपैथी नशो में दबाव के कारण दर्द, अकड़न, झुनझुनी (सयाटिका, स्लिप डिस्क, लकवा, घुटना दर्द)
मूत्र रोग पेशाब करते समय जलन, दर्द, खुजली, छाले।
पेट एवं गुदा रोग गैस, एसिडिटी, पेट फूलना, (GERD) पेट साफ न होना।
पाईल्स, भगन्दर, फिशर की क्षारसूत्र चिकित्सा
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट

मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटस ऑफ इंडिया इक्जामिनेशन 2025
में उच्च श्रेणी से सफलता हासिल कर शहर का नाम रौशन करने वाली
प्रतिष्ठित व्यवसायी आशीष-अमित अग्रवाल की बिटिया
रोली अग्रवाल
को चार्टेड एकाउंटेंट (सी.ए.) बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईयां
CA INDIA
परिचय : शहर के गुजराती कॉलोनी निवासी नंदकिशोर अग्रवाल (दादा), आशीष अग्रवाल (पिता), अमित अग्रवाल (चाचा) की बेटी रोली अग्रवाल ने 7वीं तक की पढ़ाई डीपीएस स्कूल में करने के बाद इंदौर के एमरल हाईट स्कूल में उच्च शिक्षा अर्जित की। शिक्षा के साथ साथ रोली ने शूटिंग के नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट रहीं। रोली ने 12 गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

रोली अग्रवाल
रोली बिटिया के अपने परिवार एवं शहर का नाम रोशन करने पर
शरद लोहाना, पंकज महावर, दिनेश राठी, सूर्यकांत खंडेलवाल, आशीष मिन्नी, विनय लालवानी, सचेत पारख, रम्मू पंजवानी, सुभाष लोढ़ा, कुणाल लोढ़ा, अभय राखेचा, विमल राखेचा, ईश्वर मंधान, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, नवीन सांखला, बबला ठाकुर, सुधीर गुप्ता, पंकज बाबर, टामभाई, दिनेश सोनी, सुशील सिंघल, जिग्नेश ठक्कर, हेतल संघवी, मुकेश वर्मा, शौर्य खंडेलवाल, दयाराम अग्रवाल, नवलकिशोर अग्रवाल, बृजकिशोर अग्रवाल सहित ओएमजी ग्रुप ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।